मेहंदीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा भजन लिरिक्स

मेहंदीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,
जो आया मुरादें मिली है उसे,
इसके दर से ना कोई सवाली गया,
मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।
mehandipur ka ye bajrang bala bada
तर्ज – हाल क्या है दिलों का।

ये तो दुखियों की झोली को क्षण में भरे,
विपदाओं के बादल को दूर करे,
घाटा के पर्वतों पे चमत्कार कर,
भक्तो के संकटों को निकाले गया,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,
मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।

तेरी मूरत सजीली वो पाषाण सी,
जिसमे ममता भरी है रे भगवान की,
तू तो खुद बना भक्त श्री राम का,
रामा रामा रटा देता ताली गया,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,
मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।

तेरे द्वारे पे भक्तो की भरमार है,
बैठा ले के तू प्रेतों का दरबार है,
कोई झूमे इधर कोई झूमे उधर,
तेरे सोटे का वार ना खाली गया,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,
मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।

लाया श्रीफल का भोग में श्री बालाजी,
तेरी ज्योति जगाने को ओ बालाजी,
तेरी पूजा रचाने को बजरंगबली,
घृत और सिंदूर की थाली लया,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।

मेहंदीपुर तो प्रभु वो ही जा पाएंगे,
जो भी सेवा में तेरी भजन गाएंगे,
मैं तो पूजा ना जानू ना जप तप तेरा,
मेरी बगिया का तू बन माली भया,
Balaji Bhajan Diary Lyrics,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,
मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।

मेहंदीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा,
इसके दर से ना कोई भी खाली गया,
जो आया मुरादें मिली है उसे,
इसके दर से ना कोई सवाली गया,
मेहन्दीपुर का ये बजरंग बाला बड़ा।bd।

Singer – Rajendra Jain

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com